**<u>विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-08 का उत्तर:-</u>**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 8(क) क्या दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री बतायेंगे कि अयोध्या मंडल में स्थित जनपदों में कितने दिव्यांगजन चिन्हित किये गये हैं? | अयोध्या मण्डल में वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के अन्तर्गत कुल 73962 पात्र दिव्यांगजन को चिन्हित किया गया है। |
| (ख) चिन्हित किये गये दिव्यांगजनों को राज्य सरकार द्वारा कौन-कौन सी सुविधाएँ दी जा रही है? | अयोध्या मण्डल में वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के अन्तर्गत चिन्हित कर लाभान्वित किये गये दिव्यांगजनों का विवरण निम्नलिखित है:-<br>• **<u>दिव्यांग भरण पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन) :-</u>** योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 71,438 पात्र दिव्यांगजन को लाभान्वित किया गया है।<br>• **<u>कुष्ठावस्था पेंशन:-</u>** योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 532 पात्र दिव्यांगजन को लाभान्वित किया गया है।<br>• **<u>कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण:-</u>** योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल पात्र 1,873 दिव्यांगजन को नियमानुसार विभिन्न प्रकार के उपकरणों से लाभान्वित किया गया है।<br>• **<u>दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार:-</u>** योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल पात्र 36 दिव्यांगजन दम्पत्तियों को लाभान्वित किया गया है।<br>• **<u>दुकान निर्माण/संचालन:-</u>** योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल पात्र 73 दिव्यांगजन को लाभान्वित किया गया है।<br>• **<u>शल्य चिकित्सा अनुदान योजना:-</u>** के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 10 पात्र दिव्यांगजन को लाभान्वित किया गया है। |
| (ग) क्या कुल संख्या के 50 प्रतिशत से कम दिव्यांगजनों को उक्त सुविधा दी जा रही है? | वित्तीय वर्ष 2023-24 में चिन्हित समस्त पात्र दिव्यांगजन को विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के अन्तर्गत लाभान्वित किया गया है। |
| (घ) यदि हाँ, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के मेज पर रखेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |

नरेन्द्र कश्यप
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग।